<u>यूपीजीआईएस-2023</u>

मा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भव्य नागरिक अभिनंदन

- **उत्तर प्रदेश के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने किया ओडीओपी के उत्पादों से मा. राष्ट्रपति का स्वागत**
    - **नारी शक्ति का प्रतीक हैं मा. राष्ट्रपति : मा. राज्यपाल**
    - **मा. राष्ट्रपति के मार्गदर्शन में सर्वोत्तम प्रदेश की राह पर अग्रसर है उत्तर प्रदेश : मा. मा. मुख्यमंत्री**
    - **मा. राष्ट्रपति ने यूपी के धार्मिक स्थलों को बताया भारत की आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र बिंदु**
- **भगवान लक्ष्मण से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक के लखनऊ से जुड़ाव का मा. राष्ट्रपति ने किया स्मरण**

लखनऊ, 12 फरवरी, 2023। मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रथम लखनऊ आगमन पर रविवार को लोकभवन के ऑडिटोरियम में भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने मा. राष्ट्रपति को ओडीओपी उपहार भेंट करके उनका स्वागत किया। मा. राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल एवं मा. मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से मा. राष्ट्रपति का अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में मा. राष्ट्रपति ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए किये जा रहे कार्यों का विशेष उल्लेख करते हुए उत्तर प्रदेश की नारी विभूतियों को अपना आदर्श बताया।

श्रीराम से लेकर अटल बिहारी तक को मा. राष्ट्रपति ने किया याद

मा. राष्ट्रपति ने लखनऊ का संबंध भगवान श्री राम के भाई लक्ष्मण जी से जोड़ते हुए कहा कि लंबे काल तक इसे लखनपुर के नाम से जाना जाता रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी जी को याद करते हुए लखनऊ से उनके जुड़ाव को लेकर अटल जी के वक्तव्य को याद किया। लंबे समय तक लखनऊ के सांसद रहे अटल जी ने कहा था 'लखनऊ हम पर फिदा और हम फिदा-ए-लखनऊ, क्या है ताकत आसमान की जो छुड़ाए लखनऊ।' मा. राष्ट्रपति ने काशी, अयोध्या, मथुरा, सारनाथ, गोरखपुर और मगहर जैसे उत्तर प्रदेश के पवित्र धार्मिक स्थलों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र बिंदु बताया। साथ ही उत्तर प्रदेश में बहने वाली नदियों का उल्लेख करते हुए इनकी शुद्धता और पवित्रता को बनाए रखने का आह्वान किया।

देश की आधी आबादी के सम्मान को दी है नई ऊंचाई : योगी

मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रथम लखनऊ आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए ये गौरव की बात है कि आपने जनजातीय समाज के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने और आदर्श भारतीय नारी के रूप में भारत गणराज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर देश की आधी आबादी के सम्मान को एक नई ऊंचाई दी है। मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि आप पहली मा. राष्ट्रपति हैं जिनका जन्म भारत की स्वाधीनता के बाद हुआ। संघर्षों से भरा आपका जीवन हम सब के लिए पथ प्रदर्शक और प्रेरणादायी है। मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

मा. राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारे देश को ऐसी मा. राष्ट्रपति मिली हैं, जो नारी शक्ति का प्रतीक हैं। नागरिक अभिनंदन समारोह में प्रदेश के दोनों मा. डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक व श्री केशव प्रसाद मौर्य, मा. विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना, मा. केंद्रीय मंत्री श्री कौशल किशोर के साथ ही श्री कुंवर मानवेन्द्र सिंह, श्री सुरेश खन्ना एवं समस्त मंत्रीगण मौजूद रहे।

मा. राष्ट्रपति भवन की शोभा बढ़ाएंगे ओडीओपी उपहार

इससे पूर्व मा. राष्ट्रपति का स्वागत समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने ओडीओपी उपहार भेंट करके किया। रंगकर्मियों, संस्कृतिकर्मियों की ओर से अलीगढ़ की बनी कांस्य की नटराज प्रतिमा भेंट की गई। इसी प्रकार साहित्यकारों ने मा. राष्ट्रपति को ओडीओपी भेंट कर के स्वागत किया। हस्तशिल्पकारों ने गेहूं से बनी बहराइच की कलाकृति से स्वागत किया। स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों ने सीतापुर की दही और बाराबंकी के शहद से, प्रगतिशील कृषकों ने सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल और अयोध्या के गुड़ से, उद्यमियों ने फिरोजाबाद के कांच के उत्पाद से तथा प्रदेश के प्रोफेशनल्स की ओर से बनारसी साड़ी भेंट करके मा. राष्ट्रपति का अभिनंदन किया गया। ये सभी उपहार अब मा. राष्ट्रपति भवन की शोभा बढाएंगे।